प्रेस विज्ञप्ति

(बिहार पुलिस मुख्यालय)

दिनांक–20.02.2023 (सं0–118)

बिहार पुलिस दिवस–2023

जन सहभगिता मोटरसाइकिल रैली

- प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 27 फरवरी को बिहार पुलिस दिवस उत्साह तथा गर्व के साथ आयोजित किया जा रहा है।
- बिहार पुलिस दिवस–2023 को जनता के नाम समर्पित किया गया है।
- इस क्रम में आम जन से सम्पर्क स्थापित कर उनसे सम्वाद करने, उनकी समस्याओं को जानने, पुलिस के प्रति उनकी अपेक्षाओं को समझने तथा उनसे सुझाव प्राप्त करने हेतु ‘‘जन जन की ओर बढ़ते कदम ’’ अभियान के अन्तर्गत ‘‘जन सहभागिता मोटरसाइकिल रैली’’ आज दिनांक–20.02.2023 से प्रारम्भ किया जा रहा है।
- आज दिनांक–20.02.2023 को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के परिसर से ‘‘जन सहभागिता मोटरसाइकिल रैली’’ का शुभारम्भ उत्साह पूर्वक वातावरण में श्री राजविन्दर सिंह भट्टी, पुलिस महानिदेशक, बिहार के द्वारा झण्डा दिखाकर किया गया।
- पुलिस मुख्यालय, बिहार सरदार पटेल भवन से 150 की संख्या में मोटरसाइकिलों पर 300 सवार पुलिसकर्मी विभिन्न गाँवों तथा शहरी वार्डों में जन सम्पर्क हेतु प्रस्थान कियें।
- प्रस्थान करने वाले पुलिसकर्मियों में पटना जिला सहित आस पास के पड़ोसी जिलों यथा नालन्दा, भोजपुर, जहानाबाद, सारण तथा वैशाली के भी पुलिसकर्मी सम्मिलित रहें।
- मोटरसाइकिल रैली में सम्मिलित पुलिसकर्मियों के सम्मान में बी0सैप–1, ए0टी0एस0 तथा डॉग स्क्वायड, 02 बैण्ड एवं Mounted Police भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहें।
- इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) तथा प्रभागों के वरीय पदाधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित हुएं।
- राज्य के सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक तथा सभी जिलों में पुलिस अधीक्षकों के द्वारा आज दिनांक–20.02.2023 के अपराह्न झण्डा दिखाकर रैली को प्रस्थान कराया जायेगा।

xxxxxxxxxxxx